तापमान
अधिकतम 23.8 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026

12 ढकोला में रात्री ठराव, अफसरों के सामने रखी समस्याएं



12 मिशन बुनियाद प्रवेश परीक्षा लेवल-2 में 1211 छात्रों ने लिया हिस्सा



## किसान व व्यापारी समेत सभी वर्ग चाहते हैं सभी के लिए हो कल्याणकारी बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारत के इतिहास में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पहली बार रविवार एक फरवरी को लोकसभा में केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। लोगों को केंद्रीय बजट में महंगाई कंट्रोल करने की ठोस नीति बनाए जाने समेत अन्य खास उम्मीदे हैं। किसान, व्यापारी, कर्मचारी, युवा वर्ग व गृहणियों समेत सभी वर्ग चाहते हैं कि केंद्रीय आम बजट सभी के लिए कल्याणकारी होना चाहिए। इस संबंध में हरिभूमि ने विभिन्न वर्गों के साथ बातचीत की तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रियाएं दी।

# केंद्रीय बजट से लोगों को हैं महंगाई कंट्रोल करने समेत कई उम्मीदें

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण भारत के इतिहास में पहली बार एक फरवरी को करेंगी संसद में केंद्रीय बजट पेश

### फसलों के मूल्य लागत के अनुरूप हों घोषित



भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा रविवार एक फरवरी 2026 को आम बजट पेश किया जाना है। जिसे लेकर किसान काफी उम्मीदें लगाए बैठें हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय आम बजट में किसानों की फसलों के लागत के अनुरूप लाभकारी मूल्य दिए जाने की ठोस घोषणा की जानी चाहिए। ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उनका कहना है कि किसानों को यदि देश में खुशहाल रखना है तो उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने जरुरी हैं। इसके लिए फसलों के लागत के अनूरुप दाम निर्धारित किए जाने, एमएसपी गारंटी कानून बनाए जाने, कृषि में प्रयोग होने वाले उत्पादों के मूल्य में कमी किए जाने और किसानों को जीरो प्रतिशत पर कृषि के लिए ऋण दिए जाने के लिए प्रावधान किए जाने चाहिएं।

### प्लाइवुड उद्योग को विकसित करने के लिए सरलीकरण की बने योजना



हरियाणा प्लाइवुड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान जेके बिहानी का कहना है कि केंद्रीय आम बजट में सरकार को प्लाइवुड उद्योग के लिए विशेष प्रावधान करना चाहिए। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत जीएसटी की है। सरकार को जीएसटी की प्रक्रिया व विकसित करने के लिए सरलीकरण की योजना बनानी चाहिए। एमएसएमई में विशेष प्रावधान कर उद्यमियों व उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए। उनका कहना है कि जिले का प्लाइवुड उद्योग विश्वभर में प्रसिद्ध है। प्लाइवुड उद्योग से हजारों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। वहीं, इससे किसान, ट्रांसपोर्ट व छोटी औद्योगिक इकाइयां जुड़ी हैं। इन दिनों प्लाइवुड उद्योग संकट से जूझ रहा है। जिससे सभी वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। प्लाइवुड उद्योग को विकसित करने के लिए केंद्रीय बजट में सरकार को ठोस प्रावधान करने चाहिएं।

### आम नागरिकों के उत्थान के लिए बजट में हो प्रावधान



आम आदमी पार्टी के यमुनानगर विधानसभा के प्रत्याशी रहे एवं विस नेता ललित त्यागी का कहना है कि आम बजट में सरकार को चाहिए कि देश में रह रहे आमजनों के कल्याण के लिए ठोस योजनाओं का प्रावधान किया जाना चाहिए। उन्होंने आमजन के लिए निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क उपचार समेत सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। आज भी करोड़ो आमजन केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं से वंचिंत हैं। किसी की आय ज्यादा बता दी जाती है तो किसी को अन्य कमियां बताकर लाभकारी योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। सभी आमजन के लिए एक समान नीति होनी चाहिए।

### महंगाई को कंट्रोल करने की बने ठोस योजना



समाज सेवी एवं गृहणी संजीत कौर का कहना है कि आज महंगाई आसमान छू रही है। आज सोना व चांदी के आसमान छूते दामों ने मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़कर रख दी है। आमजन और मध्यमवर्गीय लोग शादियों में बनवाए जाने वाले सोने व चांदी के आभूषणों से या तो वंचित होने लगे हैं या फिर भारी कर्ज उठाकर आभूषण बनवाने पर मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से केंद्रीय बजट में बढ़ती महंगाई कंट्रोल करने और सोना चांदी के दामों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की। ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### आम बजट में बेरोजगारी व स्वास्थ्य पर दिया जाना चाहिए जोर



बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि केंद्रीय बजट में सरकार को बेरोजगारी को दूर किए जाने और स्वास्थ्य सुविधाओं पर ठोस योजनाएं घोषित करनी चाहिएं। ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके और लोगों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। वहीं, केंद्र सरकार को बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए ठोस योजना बनानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे एक लाख 89 हजार

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर दो व्यक्तियों ने दो युवकों से एक लाख 89 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी मनदीप सिंह व मनसीरत ग्रेवाल के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के पटेल नगर निवासी धीरज चावला और गांव उधमगढ़ निवासी सुनील ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अप्रैल 2024 में सोशल मीडिया के जरिए उनका संपर्क मनदीप सिंह और मनसीरत ग्रेवाल से हुआ था। दोनों आरोपी मोहाली

### कार की टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत

**यमुनानगर।** शहर के बाईपास पुल बीती रात तेज रफ्तार कार ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी छमिंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ चोरी के अन्य मामले भी दर्ज है। शिकायतकर्ता साजिद ने 18 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 दिसंबर 2025 को आरोपी ने टाटा एजेंसी दोसड़का से उसकी गाड़ी के टायर रिम व स्टेपनी चोरी कर लिए है।

### मुनाफे के लालच में नौ सेना अधिकारी से ठगे छह लाख

**अंबाला।** ठगों ने शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक सेवानिवृत्त नौसेना के अधिकारी से 6 लाख रुपये हड़प लिए। अंबाला कैंट के विद्या नगर के राजकुमार की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नौ सेना से सेवानिवृत्त हो चुका हैं। उसने अपने फोन में मनी कंट्रोल एप डाउनलोड किया हुआ था।

## सरकार की ओर से अभी तक महात्मा गांधी को नहीं दिया राष्ट्रपिता का दर्जा

# राष्ट्रपिता के हत्यारों को अंबाला सेंट्रल जेल में दी गई थी फांसी

**नाथूराम गोड़से व नारायण आप्टे को गांधी जी की हत्या के मामले में सुनाई थी फांसी की सजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शुक्रवार को 78वीं पुण्यतिथि मनाई गई। 30 जनवरी 1948 को शाम 5 बज कर 17 मिनट पर जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सांयकाल की सर्वधर्म प्रार्थना सभा के लिए जा रहे थे तो दिल्ली के बिरला हाउस के प्रांगण में नाथूराम गोडसे ने पॉइंट ब्लैंक रेंज से तीन गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी थी। निधन के समय उनकी आयु 78 वर्ष थी। महात्मा गांधी के दो हत्यारों को ऐतिहासिक अंबाला सेंट्रल जेल में फांसी की सजा सुनाई गई।




▶▶ निधन के समय उनकी आयु 78 वर्ष थी
▶▶ 2 अक्तूबर को गांधी जी का जन्मदिन अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### सात के खिलाफ चला था क्रिमिनल केस

महात्मा गांधी की हत्या के मुख्य आरोपी नाथूराम गोडसे और 7 अन्य सह -आरोपियों के विरूद्ध मई 1948 में हत्या का मामला चलाया गया था। लंबे क्रिमिनल ट्रायल के बाद गोडसे और एक सह-आरोपी नारायण आप्टे को महात्मा गांधी की हत्या का दोषी पाया गया। इन दोनों को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी जबकि छह अन्य सह-आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दी गयी थी। 15 नवंबर 1949 को अंबाला शहर स्थित सेंट्रल जेल में ही गोडसे और आप्टे को फांसी दी गई थी। बहरहाल जून 2007 में यूनाइटेड नेशंस असेंबली (संयुक्त राष्ट्र महासभा) ने 2 अक्तूबर महात्मा गांधी के जन्मदिन को हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय नॉन-वायलेंस (अहिंसा) दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था।

### राष्ट्रपिता गांधीः सामाजिक सम्मान, पर आधिकारिक मुहर अब तक नहीं

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वकील हेमंत कुमार ने बताया कि हम सभी नागरिक बचपन में अपनी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा से ही यही पढ़ते और सुनते आ रहे हैं कि महात्मा गांधी हमारे देश के राष्ट्रपिता हैं। हालांकि सत्य यह है कि आधिकारिक तौर पर ऐसा नहीं है । कुछ वर्ष पूर्व जब हेमंत की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय में एक आरटीआई याचिका दायर कर उस सरकारी आदेश अथवा अधिसूचना की प्रति प्रदान करने की मांग की गयी जिसके अंतर्गत महात्मा गांधी को 'राष्ट्रपिता' का आधिकारिक दर्जा प्रदान दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने उस याचिका को केंद्रीय गृह मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया जहां से उसे नेशनल आर्काइव (राष्ट्रीय अभिलेखागार) के कार्यालय में भेज दिया गया परन्तु इस संबंध में वहां भी कोई भी कोई सरकारी आदेश या अधिसूचना उपलब्ध नहीं हुई। बाद में यह निकलकर सामने आया कि अब तक केंद्र सरकार ने गांधी जी को आधिकारिक तौर पर ₹राष्ट्रपिता₹ का दर्जा प्रदान नहीं किया गया है। हेमंत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18 के अंतर्गत सरकार किसी व्यक्ति को सैन्य या विद्या (शैक्षणिक) क्षेत्र में सम्मान के अलावा कोई अन्य उपाधि (टाइटल ) प्रदान नहीं कर सकती है। परंतु ₹राष्ट्रपिता₹ का दर्जा किसी भी उपाधि की श्रेणी में नहीं आता। ऐसा करने में कोई कानूनी या संवैधानिक अड़चन नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि अब तक देश की 53 महान हस्तियों को राष्ट्र का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ₹भारत रत्न₹ दिया गया है7 अब तक महात्मा गांधी का नाम भारत रत्न की सूची में शामिल नहीं है क्योंकि गांधी जी की शख्सियत भारत रत्न के सम्मान से कहीं ऊपर हैं।

# नशा तस्करी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल द्वारा नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी पुलिस हिरासत में बैठे हुए।

- दो आरोपियों से बरामद की पुलिस ने हजारों रुपये की 30 ग्राम हेरोइन
- एक आरोपी को अवैध नशीला पदार्थ बेचते हुए किया काबू
- तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर लिया रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने अलग अलग स्थानों से तीन नशातस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक स्थान से पुलिस ने दो नशातस्करों को 30 ग्राम हेरोइन के साथ और एक अन्य को अवैध नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों नशातस्करों के खिलाफ मामले दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया है।

एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर उत्तर प्रदेश से हथनीकुंड बैराज के रास्ते यमुनानगर की ओर जा रहे हैं। जिनके पास कोई नशीला पदार्थ है। सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई अमित, राजिंदर, मंजीत, विमल व पंकज को शामिल करके जांच टीम का गठन किया।

इसके बाद जांच टीम को मौके पर भेजा। जांच टीम ने हथनीकुंड बैराज क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल सवार दो युवक वहां पहुंच गए। पुलिस ने शक के आधार पर रोककर जांच की। इस दौरान डीएसपी रजत गुलिया को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में मौके पर बुलाया गया और उनके समक्ष आरोपियों की तलाशी ली गई।

दोनों आरोपियों के पास से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मलिकपुर खादर निवासी इनाम और रुखसार के रूप में हुई।

# अंसल सुशांत सिटी में गरीबों के साथ भेदभाव, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एपीएल) के खिलाफ हुडा सेक्टर-13/17 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं, एपीएल पर पानीपत के अंसल सुशांत सिटी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के फ्लैट्स में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने का आरोप है। वहीं, डीएसपी रैंक के अफसर ने आरोपों की जांच की और जांच में आरोपों को सही पाया। इस संबंध में आरडब्ल्यूए हाउसिंग बोर्ड के पदाधिकारियों कंवल सिंह, पवन शर्मा, श्याम सिंह ने मुख्यमंत्री, स्थानीय मंत्री और पुलिस प्रशासन को शिकायत दी थी। लोगों का आरोप है कि अंसल ने टाउनशिप के अन्य हिस्सों में तो शानदार सुविधाएं दीं। जबकि निर्धनों के फ्लैट्स वाले क्षेत्र में सड़क, स्ट्रीट लाइट और सीवर की हालत दयनीय है। शिकायतकर्ताओं ने अंसल प्रशासन पर उनके साथ अछूतों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। इस मामले की पानीपत जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में भी चेयरमैन मंत्री कृष्ण बेदी को शिकायत दी गई थी।

## भ्रष्टाचार के आरोप में तीन अफसर तलब

**पानीपत।** पानीपत के गांव मनाना में भ्रष्टाचार व धोखाधडी के आरोपों के मामले में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी किरण सिंह संबंधित अधिकारियों और शिकायतकर्ता को रिकॉर्ड सहित अपने कार्यालय में छह फरवरी को मांगें गए रिकार्ड के साथ पेश होने के आदेश दिए हैं। गांव हथवाला निवासी ईंट सप्लायर राकेश कुमार ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत मनाना के सरपंच पति प्रवीण कुमार, एसडीओ, जेई पंचायती विभाग व ग्राम सचिव शहजाद अली पर ग्राम पंचायत को सप्लाई की गई ईंटों के बिल पास करवाने के नाम पर रिश्वत की मांग की।

# पत्नी ने दो बच्चों के साथ मौत को लगाया गले

- पहले पति ने फांसी से लटककर दी थी जान
- नरवाना ब्रांच नहर से पत्नी व बेटे का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर विधानसभा के कांवला गांव से लापता हुई मीना देवी का शव नरवाना ब्रांच नहर (भाखड़ा) से मिल गया। मीना अपने बेटे और बेटी के साथ लापता हुई थी। अब गोताखोर उसकी बेटी की लाश तलाश कर रहे हैं जबकि उसके 6 साल के बेटे एकम का शव कल ज्योतिसर गांव के पास नहर से मिला था। करीब 2 महीने के अंदर मीना का पूरा परिवार खत्म हो गया।



मीना देवी गांव कांवला के रविदास मोहल्ला की रहने वाली थी। वह 23 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 10 बजे अपने बेटे एकम और 8 साल की बेटी दिव्या के साथ बगैर किसी को बताए घर से चली गई थी। अंबाला शहर के सेक्टर 9 थाने में पुलिस ने उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की थी।

### नहर में मां-बेटे के शव बरामद, बेटी लापता

गांव के रोहित सिंह ने 23 जनवरी को पुलिस को बताया कि उसके भाई रवि कुमार की शादी करीब 10 साल पहले मीना देवी वासी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र के साथ हुई थी। उसका भाई रवि कुमार इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। उसके भाई की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान थी। उसने बताया कि भाभी मीना देवी घर से दोनों बच्चों के साथ लापता हो गई थी। शाम तक तीनों घर वापस नहीं आए तो उनकी तलाश शुरू हुई। उसने बताया कि जब उसने भाभी के मोबाइल नंबर पर कॉल किया लेकिन वह बंद आ रहा था। उसके भतीजे एकम ने लाल रंग का कोट, काली जींस और जूते डाले हुए थे। उसने आसपास अपनी रिश्तेदारी और भाभी के मायके में भी उनके बारे पता किया लेकिन तीनों का कुछ पता नहीं चल पाया। बाद उनको सूचना मिली कि तीनों को नहर की तरफ जाते देखा गया है। तभी पुलिस और घरवाले नहर में उनकी तलाश कर रहे थे। 29 जनवरी को एकम का शव नहर से बरामद हो गया था। इस्माइलाबाद के डल्ला माजरा के पास शुक्रवार को नहर से मीना देवी का शव भी बरामद गया। उधर गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि दिव्या की तलाश की जा रही है। ज्योतिसर से लेकर करनाल के मुनक तक दिव्या की तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। अब एक बार दोबारा मुनक से ज्योतिसर कर तलाश करते हुए आएंगे। थाना सेक्टर-9 में जांच अधिकारी ने बताया कि मीना देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आई है।

# 1074 ने दी बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



मिशन बुनियाद के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र में कुल 1175 विद्यार्थियों में से 1074 विद्यार्थियों ने बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा दी। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा के लिए चार बुनियाद केंद्र बनाए गए हैं जिसमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकंडा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेहोवा शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान शिक्षण को रुचिकर बनाने, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं जैसे केवीपीवाई, नीट, आईआईटी इत्यादि की तैयारी करवाई जाती है।डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि बुनियाद कार्यक्रम का आयोजन विकल्प संस्थान कुरुक्षेत्र के सहयोग से किया जा रहा है जिसके अंतर्गत हरियाणा के विभिन्न जिलों में कुल103 बुनियाद केंद्र बनाए गए हैं। कुरुक्षेत्र जिले में पांच बुनियाद केंद्र स्थापित किए गए हैं जो क्रमशः राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहबाद मारकंडा, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा हैं।

## एचयूडब्ल्यूजे की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी ने पद की शपथ ली

# पानीपत को अपराध मुक्त करने की पुलिस की मुहिम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (एचयूडब्ल्यूजे) की प्रदेश इकाई ने पानीपत के आर्य कॉलेज में अपनी नई जिला इकाई का गठन करते हुए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। वहीं, कार्यक्रम में मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विनोद धमीजा, आर्य कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अनुराधा ने यूनियन के जिलाध्यक्ष राकेश भयाना, कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, महासचिव श्याम कामरा, कोषाध्यक्ष विक्रम कालरा, सह सचिव अरविंद समालखा व धर्मेंद्र, कार्यकारिणी सदस्य गुरमीत, खुशबू, शगुन, रवि को परिचय पत्र सौंपे। जबकि पानीपत की पत्रकारिता में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले विकास चौधरी, राम मेहर कौशिक, मुकेश टंडन, कुलदीप राठी, राकेश वर्मा, आर्य कॉलेज के मीडिया इंचार्ज दिनेश गल्हयाण, डीपीआरओ सुनील बसताडा, पुलिस पीआरओ अनिल को सम्मानित किया।



पानीपत। आर्य कॉलेज में अतिथियों के साथ एचयूडब्ल्यूजे की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

### ये रहे मौजूद

एसपी सिंह ने दावा किया कि पानीपत को अपराध मुक्त जिला बनाने की मुहिम जारी है। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन कथूरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष लोकेश जैन, रविंद्र सैनी, सुभाष बजाज आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 6 से 8 फरवरी को पशु प्रदर्शनी का आयोजनः डॉ. जादौन

**यमुनानगर।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के नजदीक स्थित मैदान में उत्तम नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी का 6 से 8 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से उत्तम नस्ल के पशुओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग यमुनानगर के उप निदेशक डॉ. रणजीत सिंह जादौन ने दी। उप निदेशक डॉ. रणजीद सिंह जादौन ने बताया कि राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में उत्तम नस्ल के पशुओं में गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट व घोड़े शामिल होंगे। जिनकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुल 53 श्रेणी में विजेता पशुओं को ईनाम दिए जाएंगे। प्रदर्शनी में पशुपालकों को भेजने के लिए सरकार द्वारा बसों का प्रबंध किया गया है। जिनमें पशुपालक कुरूक्षेत्र पशु प्रदर्शनी में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिले से उत्तम नस्ल के पशुओं को इस पशु प्रदर्शनी में ले जाने व वापिस लाने का खर्च तय रेट अनुसार विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

### 31 मार्च को पंजाबी धर्मशाला में युवा जेजेपी की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** युवा जननायक जनता पार्टी (युवा जेजेपी) द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने तथा प्रदेश में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 31 मार्च, शनिवार को पंजाबी धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण युवा जेजेपी कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत सिंह चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला द्वारा की जाएगी। बैठक में प्रदेशभर से जिला, हल्का एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, युवा जेजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता, संगठन से जुड़े युवा प्रतिनिधि तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा साथी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### मतदाता दिवस पर युवाओं को लोकतांत्रिक दायित्व का संदेश

**करनाल।** मेरा युवा भारत करनाल एवं जीवन चानन महिला महाविद्यालय असंध के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत करनाल की उपनिदेशक सुरमयी शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत देशभर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान माय भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राहुल ने युवाओं को मतदान की शपथ दिलाई। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्रोफेसर सुषमा ने युवाओं को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और बिना मतदान के लोकतंत्र अधूरा है।

### राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ होगा हिंदू सम्मेलन

**करनाल।** सकल हिंदू समाज एवं श्री सनातन धर्म मंदिर सभा करनाल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी रविवार को श्री सनातन धर्म मंदिर, कुंजपुरा रोड करनाल में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन सायं साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम संयोजक विनीत खेड़ा ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन "पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण" की भावना को लेकर किया जा रहा है। सम्मेलन के अंतर्गत ग्यारह हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक आयोजन होगा, जिसके पश्चात संतों द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली तथा नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

---

### मंत्री बेदी ने दौरा कर नदियों से हो रहे भूमि कटाव का किया निरीक्षण

# अवैध खनन से बढ़ा यमुना से सटे दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने अधिकारियों को तटबंधों को मजबूत करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। भूमि कटाव का निरीक्षण करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अधिकारियों के साथ जिले के खनन क्षेत्र बेलगढ़ और मंडेवाला समेत हथिनी कुंड क्षेत्र में स्थित अजात आश्रम का दौरा किया। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनी और उन्हें उनकी समस्याओं का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया।

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी अधिकारियों के साथ सबसे पहले बेलगढ़ पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि यहां पर यमुना नदी और उसके साथ लगती पटरी पर दिन रात अवैध खनन किया जाता है। जिसके चलते पटरी के निचले इलाकों वाले दर्जनों गांव जिनमें लक्कड़, भीलपुरा, नवाजपुर व माली माजरा आदि यमुना की बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने और यमुना के साथ पटरी पर पत्थर या स्टड लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बेलगढ़ में भी यमुना की पटड़ी का दौरा किया जहां पर ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री को पहले से लगे स्टड दिखाए।

ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री से यमुना नदी के किनारो के पास से अवैध खनन को रुकवाए जाने की मांग की। जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यमुना नदी से सिंचाई विभाग द्वारा बनाई गई पटड़ी की दूरी कुछ ही मीटर रह गई है। यदि यहां पर निरंतर अवैध खनन चलता रहा तो आने वाले बरसात के सीजन में दर्जनों गांव पर बाढ़ का खतरा मंडरा सकता है। बरसात के दिनों में नदियों में अधिक मात्रा में पानी आने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने नदियों के किनारों को मजबूत करने के बारे में अनुरोध किया।

#### नदियों के तटबंधों को करें मजबूत

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने नदियों से हुए कटाव के संबंध में तटबंधों को मजबूत करने और आवश्यकता के अनुसार स्टड लगाए जाने के सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग,भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा,जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, डीआरओ तरूण सहोता, डीएसपी राजीव मिगलानी, सिंचाई विभाग से कार्यकारी अभियंता रविन्द्र व बीडीपीओ प्रताप नगर अभिषेक आनंद आदि मौजूद रहे।

---

# जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों को दिए करियर के टिप्स

- कार्यक्रम में विद्यार्थिओं को इंडस्ट्री ओरिएंटेड टेक्नोलॉजीज पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। जेएमआईटी कॉलेज में आयोजित लेक्चर में भाग लेते विद्यार्थी।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार रोबोटिक्स की ओर से एक एक्सपर्ट लेक्चर आयोजित किया गया। एआई प्लस आईओटी प्लस रोबोटिक्स स्मार्ट सिस्टम्स का भविष्य विषय पर आधारित लेक्चर में इंजीनियर देवांश राघव कॉर्पोरेट ट्रेनरए एयरगुरुकुल, ग्रेटर नोएडा ने संबोधित किया। उन्हें आईओटीए रोबोटिक्सए एम्बेडेड सिस्टम्स और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के क्षेत्र में पंद्रह वर्षों से अधिक का इंडस्ट्री अनुभव है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटरनेट ऑफ थिंग्स व रोबोटिक्स आज के स्मार्ट सिस्टम्स में एक-दूसरे के साथ मिलकर ऑटोमेशन स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल एप्लिकेशन्स को नई दिशा दे रहे हैं। यह लेक्चर विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी रहा। इससे छात्रों को इंडस्ट्री ओरिएंटेड टेक्नोलॉजीज की बेहतर समझ मिली और रियल लाइफ एप्लिकेशन्स के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। भविष्य के करियर ऑप्शन्स को लेकर मार्गदर्शन मिला। वहीं थ्योरी कॉन्सेप्ट्स को प्रैक्टिकल अप्रोच के साथ समझने का अवसर भी मिला। इस अवसर पर डा. एसके गर्ग डायरेक्टर जेएमआईटी रादौर ने कहा कि इस प्रकार के एक्सपर्ट लेक्चर्स विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनोवेशन आधारित लर्निंग एनवायरनमेंट को बढ़ावा देते हैं।

### एमडीवीएम स्कूल में गुड टच बैड टच विषय पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



**रादौर।** एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में शुक्रवार को बच्चों की सुरक्षा व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से गुड टच बैड टच विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य नन्हे बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क करना और उन्हें सही व गलत स्पर्श के बीच के अंतर को समझाना था। सेमिनार की मुख्य वक्ता मिस अलीशा चंडीगढ़ रहीं। मिस अलीशा जिन्होंने डीएवी चंडीगढ़ से अपनी शिक्षा प्राप्त की है और डिप्लोमा इन प्री.स्कूल एजुकेशन में विशेषज्ञता हासिल की है। मिस आलीशा ने बहुत ही सरल और खेल-खेल में बच्चों को सुरक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए कब और कैसे ना कहना चाहिए और किन परिस्थितियों में सावधान रहना चाहिए। इस अवसर पर अनिल कंबोज ने बच्चों से बातचीत की और सेमिनार पर अपना फीडबैक साझा किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक करना अनिवार्य है और स्कूल की ओर से यह एक जरूरी पहल है।

---



### बजट से जुड़ी अपेक्षाओं पर छात्रों को किया जागरूक

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को प्रबंधन विभाग की ओर से प्री. बजट सत्र कर्टन रेजर केंद्रीय बजट 2026 का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य आगामी केंद्रीय बजट 2026 के प्रति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में जागरूकता उत्पन्न करना तथा बजट से जुड़ी प्रमुख अपेक्षाओं संरचना, महत्व तथा शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार सृजन, आधारभूत ढांचे व आर्थिक विकास से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार एवं अपेक्षाएं साझा कर चर्चा को सार्थक बनाया। संस्थान के निदेशक डॉण एसके गर्ग ने ऐसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को देश की आर्थिक नीतियों को समझने में सहायक होते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम का आभार व्यक्त किया गया।

# भारत को विकसित बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का करें प्रयोगः सुभाष

- स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। स्वदेशी को लेकर शपथ लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा (रादौर) में रन फार स्वदेशी के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य सुभाष चंद द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मौके पर विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए शपथ दिलाई गई।

स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने विद्यार्थियों को समझाया कि हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वपन को साकार करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादों समेत अन्य स्वदेशी चीजों का प्रयोग करना चाहिए। मौके पर स्काउट एंड गाइड के मास्टर हरिश चंद्र कांबोज ने बताया कि रन फार स्वदेशी कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करवाने के लिए जागरुक करना रहा। मौके पर विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली के दौरान लोगों को स्वदेशी भाषा, स्वदेशी विचार, स्वदेशी पहनावा व स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादों को अपनाने के बारे में जागरुक किया। इस अवसर पर राकेश पांचाल, योगेश शर्मा, हरीशचंद्र कांबोज, विवेक छाबड़ा, सुरेश वर्मा, राजिन्द्र मलिक, दीपचंद, रजनी देवी, कुलवंत कौर, सचिन मौजूद रहे।

# ट्यूबवेल से वायर चुराने वाले चार आरोपी पकड़े

- आरोपियों ने पूछताछ के दौरान 18 मामलों का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। सीआईए वन पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव औरंगाबाद के पास से ट्यूबवेल की मोटरों से वायर चुराने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोटर से वायर चुराने के 18 मामलों का खुलासा किया है। टीम इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि चार आरोपी चोरी की फिराक में औरंगाबाद के पास घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर एएसआई सुखदेव सिंह, आजाद, कुलदीप पासवान, सुशील जागीर और अमरजीत मनीष की टीम का गठन किया। टीम ने मौके पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गुलाबगढ़ निवासी सुशील कुमार, पांजूपुर निवासी राजू, गांव खुर्दी निवासी प्रदीप व गुरिन के नाम से हुई। इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि चारों आरोपी लंबे समय से सदर थाना यमुनानगर एरिया में किसानों के खेतों से रात के समय मोटर से वायर चोरी करते थे और मोटर के खोल वहीं छोड़कर फरार हो जाते थे।

# भाई-भाभी ने धोखाधड़ी से हड़पी संपत्ति

- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के विमल उप्पल ने अपने भाई उमेश उप्पल व भाभी पर रेनु उप्पल पर धोखाधड़ी, बैंक से मिलीभगत, दस्तावेज चोरी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार विमल उप्पल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका भाई उमेश उप्पल गांव बुडिया स्थित करीब 13 कनाल 9 मरला की औद्योगिक संपत्ति के संयुक्त मालिक हैं। इस परिसर में मेटल कारोबार से जुड़ी दो फर्में शिव शक्ति स्ट्रिप्स और शिव शम्भू एल्युमिनियम संचालित हो रही थीं। फैक्ट्री का शेड, मशीनरी और कच्चा माल दोनों भाइयों के साझा उपयोग में था। विमल ने बताया कि पारिवारिक विश्वास के चलते उसने भाई और भाभी के कहने पर कई दस्तावेजों पर बिना जांच-पड़ताल हस्ताक्षर किए। शिकायत में बताया गया कि शिव शक्ति स्ट्रिप्स के तहत उसका रिहायशी मकान एचडीएफसी बैंक में गिरवी रखा गया था जबकि उमेश और रेणु की संपत्ति लोन में गिरवी थी। आर्थिक संकट के दौरान दोनों भाइयों में सहमति बनी थी कि वह अपनी-अपनी फर्मों के लोन चुकाकर मकान छुड़ाएंगे।

#### बैंक ने वापस नहीं किए मकान के कागजात

विमल का आरोप है कि उसने बैंक के निर्देश पर करीब एक करोड़ पांच लाख रुपये जमा कर दिए। इसके बावजूद बैंक ने उसके मकान के कागजात वापस नहीं किए। जांच करने पर सामने आया कि उमेश और रेनु ने जानबूझकर अपनी फर्म का लोन जमा नहीं किया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि बैंक अधिकारियों से मिलीभगत कर विमल के मकान को दूसरे कृषि लोन से जोड़कर नीलामी का दबाव बनाया गया जबकि वह मकान किसी अन्य लोन में गिरवी नहीं था। इसके अलावा आरोप है कि उमेश और रेनु ने अवैध रूप से फैक्ट्री में घुसकर दस्तावेज उठा लिए। कच्चा माल चोरी कर इस्तेमाल किया और फैक्ट्री गेट पर ताला लगाकर विमल को बाहर कर दिया। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दस दिन से लापता व्यक्ति का नहीं मिला कोई सुराग

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 से दस दिन पहले अचानक घर से लापता हुए बृज भूषण शर्मा का अभी तक कहीं भी सुराग नहीं मिला है। पुलिस व परिजन बृज भूषण शर्मा की तलाश करने में लगे हैं। पुलिस का दावा है कि लापता हुए बृज भूषण शर्मा का जल्द पता लगा लिया जाएगा। जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 निवासी सलोचना शर्मा ने बताया कि उसका पति बृज भूषण शर्मा गत 21 जनवरी को दोपहर के वक्त अचानक घर से लापता हो गया। परिजन उसकी पिछले दस दिन से लगातार तलाश कर रहे हैं। मगर उसके बारे में कहीं भी कोई सुराग नहीं मिल रहा है। पुलिस का कहना है कि घर से लापता हुए बृज भूषण शर्मा की तलाश की जा रही है।

# एनएसएस शिविर ने विद्यार्थियों में सेवा भावना को विकसित किया : सिंह

- ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। एनएसएस शिविर में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य।

ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय की ओर से गांव रादौरी में चल रहे सात दिवस एनएसएस शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। समारोह का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एसके सिंह अध्यक्षता में किया गया। मौके पर प्राचार्य एसके सिंह ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, सेवा-भावना एवं सामूहिक कार्य करने की भावना विकसित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। डा. संजीव गांधी ने वालंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि कैंप में वालंटियर्स से सहयोग की भावना बढ़ती है। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को बधाई दी। शिविर के दौरान अनेक शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### गतिविधियों से छात्रों का बढ़ता है ज्ञान : रानी



रादौर। प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्यातिथि व अन्य।

**रादौर।** लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में ज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर स्कूल की मुख्य प्राचार्य मंजू रानी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिंदी, हस्त कला एवं ललित कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच का विकास करना है। प्रदर्शनी में कक्षा प्रथम से लेकर दसवीं तक सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या मंजू रानी ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और उनमें नवाचार की भावना विकसित होती है।

### 649वें प्रकाशोत्सव पर गुरु रविदास की शिक्षाओं पर डाला प्रकाश

# गुरु रविदास का जीवन समानता का प्रतीकः डॉ. जितेंद्र

सिविल सर्जन कार्यालय में गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। सिविल सर्जन को गुरु रविदास का चित्र भेंटकर सम्मानित करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व चिकित्सक।

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 649वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिविल सर्जन कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान का भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. विपिन गोंदवाल के नेतृत्व में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ने सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र सिंह को गुरु रविदास जी का चित्र भेंट कर उन्हें प्रकाशोत्सव की शुभकामनाएं दीं। सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र सिंह ने संत गुरु रविदास जी की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने समाज में लोगों की भलाई के अनेकों कार्य किए है। इस अवसर पर डॉ. गीता बैनीवाल, डॉ. राजेश परमार, सूचना सहायक संजय कुमार, सहायक रजत कुमार, लैब टेक्नीशियन गौरव, क्लर्क सुजाता, शिवकर्ण, संजू, फार्मासिस्ट राकेश , संजय, सुपरवाइजर नवदीप, अंकित व शुभम आदि मौजूद रहे।

#### समाजसेवा में योगदान का लिया संकल्प

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन समानता, मानवता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर सेवा, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. विपिन गोंदवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों से गुरु रविदास जी के आदर्शों को अपनाते हुए जनसेवा को अपना धर्म मानने का आह्वान किया। सभी ने गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और समाज सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को दार्शनिक स्थलों का करवाया भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग के प्रयासों के द्वारा शुक्रवार को लगभग 500 विद्यार्थियों ने महाभारत अनुभव केंद्र का भ्रमण किया और भारतीय संस्कृति की जानकारी प्राप्त की। राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को हरियाणवी संस्कृति का अनुभव करवाने के उद्देश्य से महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर एवं कुरुक्षेत्र के अन्य दार्शनिक स्थलों का भ्रमण करवाया जा रहा है जिसमें कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय नाथ मंदिर,राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेडी रामनगर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय आलमपुर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बाहरी के लगभग 500 विद्यार्थियों ने महाभारत अनुभव केंद्र, पैनोरमा, श्री कृष्ण संग्रहालय एवं कुरुक्षेत्र के अन्य दार्शनिक स्थलों का भ्रमण किया।

### दहेज प्रथा विषय पर वर्कशाप आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नितिका भारद्वाज द्वारा एडीआर सेंटर में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के केस युपी बनाम अजमल बेग के दिशानिर्देशानुसार दहेज प्रथा विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल ने शिरकत की। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा को हम सभी मिलकर ही जड़ से मिटा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कम्युनिटी मेडीएशन सेंटर जोकि किरमच गाँव में स्थापित किया गया है उसके बारे में अवगत कराया कि गाँव के मुद्दे गाँव स्तर पर ही समझौता करवाने के प्रयास किए जाएंगे।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि किए अर्पित

**कुरुक्षेत्र।** शहीदी दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर शुक्रवार को केयू परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि भेंट की तथा दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और नैतिकता के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### सेवानिवृत्त 9 गैर-शिक्षक कर्मियों को दी विदाई

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 9 गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान की प्रगति एवं सुदृढ़ता में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके साथ ही शिक्षण संस्थान की पहचान केवल उसकी इमारतों या पाठ्यक्रमों से नहीं होती, बल्कि वहां कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों की सच्ची निष्ठा, कडे.परिश्रम, अनुशासन और समर्पण भाव से होती है।

## प्रदेश सरकार आज उमरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम करेगी आयोजित

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर आज प्रदेशभर से पहुंचेंगे लोग : पंवार



- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित होने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर सभी समाज के लोग पहुंचेंगे। गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र जिले के उमरी में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ-साथ प्रदेशभर के सामाजिक, धार्मिक संगठनों और आम नागरिकों को भी इस समारोह में भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा, ताकि गुरु रविदास के विचारों और संदेशों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाया जा सके। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान संत थे। उन्होंने अपने उपदेशों और वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत और जातिगत असमानता के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई। गुरु रविदास के विचार आज भी समाज को एकजुट करने और समानता का संदेश देने के लिए प्रेरणास्रोत हैं।


### महापुरुषों की शिक्षाओं को सभी तक पहुंचाना उद्देश्य

*उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार संत-महापुरुषों की शिक्षाओं और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संत-महापुरुष विचार प्रसार एवं सम्मान योजना के तहत निरंतर उनकी जयंती और स्मृति समारोह आयोजित करती आ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।*

### सभी तैयारियां हुई पूरीः उपायुक्त

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के 31 जनवरी को उमरी में होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। इस प्रदेश स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम में करीब एक बजे पहुंचेंगे। इनके साथ-साथ कई सांसद व विधायक भी समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि समारोह में सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से पूरा करेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पार्किंग को समारोह स्थल के नजदीक तैयार किया गया है। अपने वाहनों से उतारकर नागरिक आराम से समारोह स्थल में प्रवेश कर सकेंगे। वाहनों के पार्किंग स्थल व नागरिकों को समारोह स्थल तक जाने में कानून व्यवस्था बनाने पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखेंगे। उन्होंने कहा कि वीआईपी के लिए अलग से पार्किंग व्यवस्था बनाई गई। समारोह स्थल को 10 भागों में बांटा गया है।

### श्रीगुरु रविदास राज्य स्तरीय प्रकाश उत्सव के मध्यनजर पुलिस ने की यातायात एडवाइजरी जारी



**कुरुक्षेत्र।** उमरी में 31 जनवरी को उमरी कुरुक्षेत्र में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास प्रकाश उत्सव समारोह को लेकर जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। इसके मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस द्वारा आमजन की सुविधा को देखते हुए ट्रेफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट प्लान तैयार किया गया है। भादसों से पीपली कुरुक्षेत्र आने वाले वाहन भादसों से लाडवा,पीपली होते हुए कुरुक्षेत्र जा सकते हैं। भादसों या आसपास के गांव से आने वाले वाहन सोढी-बोढी मोड से पीपली, कुरुक्षेत्र जा सकते हैं। भादसों से आने वाले वाहन गांव ढेरु माजरा मोड़ से, शादीपुर, किशनपुरा, पीपली से होते हुए कुरुक्षेत्र जा सकते हैं। कुरुक्षेत्र से उमरी भादसों जाने वाले छोटे वाहन नैशनल हाइवे-44 से उमरी चौंक से सर्विस रोड से होते हुए नोवल ढाबे से आगे आगे पेट्रोल पंप के पास से उमरी यह आगे जा सकते हैं। कुरुक्षेत्र से उमरी भादसों जाने वाले बड़े/भारी वाहन नैशनल हाइवे-44 से उमरी चौंक से सर्विस रोड से होते हुए गांव समानी से उमरी यह आगे जा सकते हैं।



### वाहनों को निर्धारित गति सीमा में चलाएं : गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 31 जनवरी तक राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में दो प्रमुख कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इनमें कॉलेज में सड़क चिन्ह, गति सीमा एवं अन्य सुरक्षा मानकों पर क्विज प्रतियोगिता तथा सड़क पर जीवन की रक्षा कैशलेस उपचार, डिजिटल सुरक्षा एवं हिट-एंड-रन रोकथाम पर एकीकरण विषयक कार्यशाला शामिल थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रूपा गुप्ता ने की। उन्होंने छात्राओं से सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। लगभग 80 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की, जो सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझने का उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई। आरटीए इंस्पेक्टर जोगिंदर ढुल ने सड़क सुरक्षा नियमों एवं यातायात अनुशासन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जोर दिया कि वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाएं, सीट बेल्ट बांधे तथा हेलमेट पहनें। पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह ने साइबर सुरक्षा के खतरों एवं बचाव उपायों पर प्रकाश डाला। एलएनजेपी अस्पताल के डॉ. कृष्ण दत्त ने कैशलेस चिकित्सा योजना एवं हिट-एंड-रन मामलों में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी।



### दो मिनट का मौन रख गांधी को दी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारीजी की प्रेरणा से डी.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल निवारसी, लाडवा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्यों ने दो मिनट का मौन व्रत धारण कर गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल श्री एन सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा गांधीजी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन उनके सत्य और अहिंसा के विचार आज भी संपूर्ण विश्व को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गांधी जी के आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त, शांतिपूर्ण और नैतिक समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों को गांधी जी के जीवन, उनके संघर्ष और देश के लिए दिए गए बलिदान के बारे में बताया गया। मौन व्रत के माध्यम से सभी ने शांति, सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## महायज्ञ से सामूहिकता का होता है कल्याणः जगभवान

- मां बगलामुखी धाम में पहुंचकर पुजारा अर्चना कर संतों का आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



गांव धनीरामपुरा स्थित सिद्ध पीठ माता बगलामुखी मंदिर में श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज व महंत भीम पुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकोटत्सव महायज्ञ में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, सरपंच जेपी मैहला, रामलाल अरनैचा, संदीप मोर, स्योंसर, रमेश ककराला, सोमनाथ अरनैचा, संजय ठेकेदार, पार्षद जयपाल कौशिक, योगेश लक्की, रमेश वत्स, सुरेश, गुलशन शर्मा सहित अनेक गणमान्यजनों ने मां बगलामुखी धाम में पहुंचकर पुजारा अर्चना कर संतों का आशीर्वाद लिया। मंदिर के सेवादार एवं सरपंच विकल कुमार चौबे ने बताया कि शुक्रवार को यज्ञाचार्य डा. अभिषेक द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं से महायज्ञ में आहुतियां डलवाई। अब तक लगभग साढे तीन लाख आहुतियां डाली जा चुकी है। मंदिर के पीठाधीश महंत भीम पुरी ने कहा कि शारीरिक रोगों के साथ ही मानसिक रोगों, मनोविकृतियों से उत्पन्न विपन्नत से छुटकारा पाने के लिए यज्ञ चिकित्सा से बढ़कर अन्य कोई उपयुक्त उपाय या उपचार नहीं है। उन्होने यज्ञ को जनकल्याण एवं वातावरण शुद्धि का सर्वोत्तम साधन बताया। मां बगलामुखी की उपासना केवल ससाधक के जीवन में शक्ति, संतुलन और आत्मविश्वास का संचार करती है। भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करते हैं। इस अवसर पर सरपंच विकल चौबे, स्वामी महेश पुरी, स्वामी शिवदयाल पुरी, पं. गंगा प्रसाद शास्त्री, अखिलेश तिवारी, परमानंद चौबे, सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## पराली जलाने से मिट्टी तथा पर्यावरण को होता है नुकसान : डा. सरिता रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- गांव कराह साहिब में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा जिले के गांव कराह साहिब में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर खण्ड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज काम्बोज के मार्गदर्शन तथा विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव के दिशानिर्देशानुसार, कृषि विज्ञान केन्द्र, कुरुक्षेत्र के वैज्ञानिक डॉक्टर फतेह सिंह (पौध रोग विभाग) तथा डॉ. सरिता रानी (सस्य विज्ञान) ने यह कार्यक्रम



आयोजित किया। डॉ. सरिता रानी ने फसल अवशेषों को खेत में मिलाकर प्रबंधन करने से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए किसानों को पराली ना जलाने के लिए जागरूक किया। धान की पराली जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को नुकसान होता है जबकि इन्ही फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है। डॉक्टर फतेह सिंह ने फसल अवशेषों के खुम्ब उत्पादन तथा अन्य कार्यों में उपयोग की जानकारी दी।



### उमरी में होने जा रहे सम्मेलन में शाहाबाद से रवाना होंगी 100 बसें : सुभाष कलसाना

**शाहबाद।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित होने वाले भव्य संत सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने शाहाबाद स्थित विश्रामगृह में कार्यकतार्ओं की एक विशेष बैठक बुलाई, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकतार्ओं की ड्यूटियां लगाई गईं। सुभाष कलसाना ने बताया कि शाहाबाद से 100 से अधिक बसों का काफिला उमरी रवाना होगा जिसके लिए रूपरेखा तैयार कर डयूटियां लगा दी गई हैं। सुभाष कलसाना ने बताया कि इस सम्मेलन को लेकर संत समाज और आम जनता में भारी उत्साह है और लोग बड़ी श्रद्धा भावना के साथ कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा सरकार की एक अनूठी पहल है, जिसके तहत सभी संतों, महापुरुषों और गुरुओं की जयंती प्रदेश स्तर पर मनाई जा रही है। सुभाष कलसाना ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस स्मारक के निर्माण पर करीब 124 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी और यहां संत श्री गुरु रविदास जी की एक विशाल एवं भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य निष्ठा की साक्षात मूर्ति थे : पवन गर्ग

**लाडवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर, संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा के प्रधान पवन गर्ग, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, आईजीएन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुशल पाल और शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्कूल के अध्यक्ष पवन गर्ग ने कहा कि वे शांति, अहिंसा और सत्य के प्रबल समर्थक थे। यह विडंबना ही है कि गांधी जी, शांतिवादी होते हुए भी, 30 जनवरी 1948 को उनकी हत्या कर दी गई। राष्ट्र ऐसे शहीदों का सदा ऋणी रहेगा। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी सादगीपूर्ण जीवन, उच्च विचार, सत्यनिष्ठा और शांति के साक्षात प्रतीक थे। वे भारत के प्राचीन मूल्यों में विश्वास रखते थे। इस अवसर पर राजबीर शर्मा, पूनम शर्मा, अजय गुप्ता, कंवलजीत कौर, राजवंत कौर, नेहा, साहनिया और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और सिर झुकाया।

## स्वास्थ्य शिविर में 700 लोग हुए लाभान्वित

### सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर गांव बारना में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थानेसर विधानसभा क्षेत्र के गांव बारना में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा गांव बारना के कम्युनिटी हॉल में लगाए गए इस शिविर में आसपास के गांवों से आए 700 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आए सभी लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। यह शिविर सांसद नवीन जिन्दल द्वारा आरंभ किए गए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित चौथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर था। शिविर में विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों से आए सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम ने लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराईं। इस मौके पर अभिमन्युपुर मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, राकेश मेहला, नरेश आर्य, महेंद्र पाल सिंह, सुभाष बारना, सुंदर, देवी दयाल शर्मा, सुरेश शर्मा मनीष जांगरा कुलदीप, भूषण मंगला, शुभम ऐरी, राजेंद्र राजपूत, जीत राम, सलिंदर कुमार, थानेसर हल्का के प्रभारी बलविंद्र सिंह व अभिषेक गर्ग अंकित आदि मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीणों की जांच करते चिकित्सक।

### नगर में गूंजे समस्त हिन्दू समाज के भाईचारे का संदेश

**कुरुक्षेत्र।** जिला में आगामी एक फरवरी से 22 फरवरी तक भव्य हिंदू सम्मेलन होंगे। जिलेभर में कुल 115 हिंदू सम्मेलनों का होगा आयोजन किया जाएगा। जिनमें से 65 सम्मेलन शहरी व 50 सम्मेलन ग्रामीण क्षेत्रो में आयोजित किए जाएंगे। हिंदू सम्मेलनों की सफलता एवं हिंदू एकता व समरस्ता का सन्देश देने के लिए शुक्रवार को नगर में भव्य बाइकव कार रैली का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। जिंदल सिटी के निकट भारतीय साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत बंसीपुरी जी महाराज व डॉ स्वामी शाश्वतानन्द गिरी जी महाराज व अन्य सन्त समाज ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। दोनों सन्तों ने कहा कि हिन्दू समाज भारत की एकता व अखण्डता का आधार है और समस्त हिन्दू समाज का संगठित रहना देश के भविष्य के लिए अति आवश्यक है। सब हिंदू परस्पर भाई जैसा भाव रखें तथा सामाजिक समरसता का उदाहरण बनें ऐसी समय की मांग है। अगले महीने में आयोजित होने वाले 115 हिन्दू सम्मेलनों का सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलजुलकर मेहनत करनी चाहिए।



### 281 विद्यार्थियों ने दी नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा प्रति वर्ष विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने एवं उनके ज्ञान में बढ़ोतरी करने के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में हिन्दू शिक्षा समिति एवं विद्या भारती हरियाणा के तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें गीता निकेतन विद्या मंदिर, मोहन नगर कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य यशपाल वधवा मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। अनिल कुलश्रेष्ठ व यशपाल वधवा ने सभी कक्षों का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा था,उन्हें देखकर ऐसा लग रहा था कि उन्होंने परीक्षा के लिए बहुत मेहनत की है। इस परीक्षा में विद्यालय के 281 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जांगड़ा, प्रबंधक बलबीर शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, डॉ सौरभ त्रिखा, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी तथा विद्यालय प्राचार्या सुमन बाला ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## गीता शोध केन्द्र में आयोजित सेमिनार में किया जागरूक

# स्वस्थ जीवन के लिए स्क्रीन टाइम कम करें : कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर की शिक्षा एवं सामाजिक चेतना के क्षेत्र में अग्रणी संस्था महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना द्वारा गीता शोध केन्द्र में आज के परिप्रेक्ष्य में स्वस्थ जीवन शैली विषय पर एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में अपनाई जा सकने वाली सरल लेकिन प्रभावी स्वास्थ्य आदतों के प्रति जागरूक करना रहा। सेमिनार में नगर की प्रसिद्ध डाइटिशियन डॉ. श्रुति कौशल ने स्वस्थ जीवन शैली से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि तांबे के बर्तन में रात भर रखा पानी सुबह खाली पेट सीमित मात्रा में पीना शरीर के लिए लाभकारी हो सकता है, परन्तु ध्यान रखें कि तांबे का बर्तन जंग रहित हो।



**कुरुक्षेत्र।** सेमिनार में मौजूद लोगों को संबोधित करती की प्रसिद्ध डाइटिशियन डॉ. श्रुति कौशल।

### मोरिंगा पाउडर के फायदें बताए

इससे पाचन तंत्र को मजबूती मिलती है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है। डॉ. कौशल ने मोरिंगा पाउडर के फायदों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रतिदिन आधा से एक चम्मच मोरिंगा पाउडर सुबह या दोपहर के समय लेने से इम्युनिटी, ऊर्जा स्तर तथा पोषण में वृद्धि होती है। उन्होंने आज के डिजिटल युग में अत्यधिक स्क्रीन टाइम को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए मोबाइल व टीवी के सीमित उपयोग पर विशेष जोर दिया, क्योंकि इससे नींद, एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। उन्होंने भोजन के बाद 10 से 15 मिनट की हल्की वॉक को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे पाचन क्रिया बेहतर होती है तथा ब्लड शुगर नियंत्रण में सहायता मिलती है। कार्यक्रम का मंच संचालन मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला द्वारा किया गया। सेमिनार में प्रमुख रूप से मार्केट कमेटी कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन शशिकांत मित्तल जैन, हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता मदन जिंदल, श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के उप प्रधान जितेंद्र गोयल, मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल, अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, मैसी के महासचिव संजीव गर्ग, संरक्षक जंग बहादुर सिंगला एवं विनय गुप्ता, सेवानिवृत्त प्राचार्य बृज जिंदल, सेवानिवृत्त महाप्रबंधक रमेश गोयल, प्रदेश प्रवक्ता सुमित गर्ग हिन्दुस्तानी, विजय गर्ग, अशोक गुप्ता, राज कुमार मित्तल, डी.के. गुप्ता, अश्विनी जिंदल, अंशुल बंसल आदि मौजूद रहे।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेशमा (आधार नं. 4457 0212 2242) धर्मपत्नी स्व. श्री जरनैल सिंह पुत्र श्री बालक राम निवासी मकान नं. 222/12 स्टेशन माजरी, शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र हरियाणा से मृतक श्री जरनैल सिंह पुत्र श्री बालक राम निवासी मकान नं0 222/12, स्टेशन माजरी, शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र हरियाणा के कानूनी वारिस की रिपोर्ट जारी करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र व सलग्न हल्फनामों व रिपोर्ट नगरपार्षद व हल्का पटवारी व नम्बरदार अनुसार मृतक श्री जरनैल सिंह के निम्नलिखित वारिस है:-
1. तेजिन्द्र कौर (पुत्री), 2. अमरजीत कौर (पुत्री), 3. भारती (पुत्री), 4. रेशमा (धर्मपत्नी)
यदि इस बारे व्यक्ति को आपति है तो तहसीलदार शाहाबाद के कार्यालय पब्लिकेशन के 30 दिन के अन्दर दर्ज करवा सकता है। यदि प्रार्थी द्वारा दी गई सूचना किसी भी समय गलत पाई जाती है प्रार्थी भारतीय दण्ड सहिता धारा 212 व अन्य सबंधित कानूनों के तहत दण्ड का भागी होगा।
Sd/- Tehsildar Shahabad

# मिशन बुनियाद प्रवेश परीक्षा लेवल-2 में 1211 छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

मिशन बुनियाद प्रवेश परीक्षा लेवल–2 (2026–28) पूरे जिले में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा में केवल वही विद्यार्थी सम्मिलित हुए जो बुनियाद प्रवेश परीक्षा लेवल–1 मे उत्तीर्ण हुए थे। मिशन बुनियाद की लेवल–2 परीक्षा हेतु 1299 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया था जिनमें से शुक्रवार को आयोजित परीक्षा में जिले भर से 1211 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। साथ ही, पूरे जिले में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस बार यह परीक्षा नारायणगढ़ राजकीय माध्यमिक स्कूल में 194, शहजादपुर के स्कूल में 174 अंबाला-1 के पुलिस लाइन स्कूल में 245 अंबाला-II के पीश्री स्कूल राम बाग रोड पर 313 बराड़ा के सरकारी स्कूल 285 छात्रों न यह परीक्षा दी। जिले में मिशन बुनियाद के कुल 5 केंद्र अंबाला-1 के सरकारी स्कूल पुलिस लाइन, अंबाला-2 के सरकारी स्कूल बकरा मार्केट, बराड़ा, नारायणगढ़, शहजादपुर के सरकारी स्कूल भी इसमें शामिल है। साहा खंड में कोई बुनियाद केंद्र संचालित नहीं किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वर्ष 2022 से संचालित किया जा रहा है तथा बच्चों की प्रतिभागिता की दृष्टि से यह वर्ष अब तक का सबसे महत्वपूर्ण वर्ष रहा है।



अंबाला। बुनियादी परीक्षा देने वाले छात्रों पर नजर रखते डीईओ सुधीर कालड़ा।

### परीक्षा का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

इस परीक्षा में कुल 10 प्रश्न पूछे गए, यह परीक्षा वस्तुनिष्ट रही और प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का था। इस प्रकार परीक्षा कुल 50 अंकों की रही। परीक्षा का बाकायदा अधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण भी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा शहजादपुर और नारायणगढ़ के परीक्षा केंद्रों का पर्यवेक्षण किया गया।दोनों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से होती मिली।

### चयनित विद्यार्थी लेवल–3 परीक्षा में भाग लेंगे

जिला विज्ञान विशेषज्ञ पूजा भारद्वाज द्वारा भी अंबाला शहर के परीक्षा केंद्र का पर्यवेक्षण किया गया।आज की परीक्षा में चयनित विद्यार्थी आगे मिशन बुनियाद की लेवल–3 परीक्षा में भाग लेंगे, तत्पश्चात सभी चरणों की परीक्षाएँ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के उपरांत, कक्षा 9वीं में जिले भर से लगभग 300 विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। यह उल्लेखनीय है कि मिशन बुनियाद योजना हरियाणा सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा विशेष रूप से सरकारी विद्यालयों तथा उनमें अध्ययनरत विद्यार्थियों को सशक्त बनाने, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं विद्यार्थियों को लक्ष्य-आधारित एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।

## खबर संक्षेप

### 36 करोड़ ग्राहकों को मिलेगी सुविधा

**अंबाला।** अग्रणी टेलीकम्युनिकेशन सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल अब अपने 36 करोड़ ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करा रही है। एडोबी एक्सप्रेस एक तेज़, आसान और हर तरह की डिज़ाइन जरूरतों को पूरा करने वाला एप है, जिसे अब पूरे भारत में एयरटेल के ग्राहक इस्तेमाल कर सकेंगे। यह ऐतिहासिक और अपनी तरह की पहली साझेदारी एयरटेल के सभी ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम इस्तेमाल करने की सुविधा प्रदान करेगी।

### मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अंबाला।** स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की पावन स्मृति में पुलिस द्वारा विशेष श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रातः 11.00 बजे दो मिनट का मौन धारण कर देश के नायकों को नमन किया। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कामकाज बंद करके देश के वीर नायकों को याद कर श्रद्धांजलि दी।

### शिकायतों के समाधान के लिए दिए जरूरी निर्देश

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में नगराधीश अभिषेक गर्ग, संयुक्त आयुक्त नगर निगम पुनित व डीएसपी सुरेश कुमार भी उपस्थित रहें। इससे पहले वीसी के जरिए समाधान शिविरों को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों एवं संबंधित अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीसी में जिलों के उपायुक्तों व अन्य संबंधित से समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों बारे विस्तार से चर्चा की गई।

### बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों के हक पर डाका डाल रही सरकारः पूजा

**बराड़ा।** हल्का मुलाना की विधायक पूजा चौधरी प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार साजिश के तहत बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग समेत सामाजिक सुरक्षा पेंशन काट रही है, जिससे जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी को हथियार बनाकर गरीब, बुजुर्ग और बेसहारा लोगों को पेंशन से वंचित किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार फैमिली आईडी में परिवार की इनकम 3 लाख रुपये से ज्यादा दिखाकर पेंशन बंद कर रही है। फसल बिक्री 1 लाख 80 हजार रुपये से ज्यादा होते ही आय 3 लाख मान ली जा रही है। सालाना बिजली बिल 24 हजार रुपये से ऊपर होने, आयकर रिटर्न भरने, लाल डोरे में 400 गज से अधिक प्लॉट होने या लगातार छह महीने राशन न लेने पर भी फैमिली आईडी में जबरन इनकम बढ़ा दी जा रही है।

## एसडीएम ने गांव वासियों को बताईं केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं

# ढकोला में रात्रि ठहराव, अफसरों के सामने ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

**बुनियादी सुविधाओं पर भी ग्रामीणों ने दिया जोर, एसडीएम ने हर समस्या को सुनकर उनके समाधान के दिए आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

साहा खंड के ग्राम पंचायत ढकौला में रात्रि ठहराव का आयोजन किया गया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार ने गांव ढकौला के साथ-साथ अन्य आस-पास से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। दौरान उन्होंने अधिकारियों को समस्याएं मार्क करते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इससे पहले गांव ढकौला सरपंच प्रतिनिधि एवं नंबरदार देवेंद्र सिंह ने एसडीएम विनेश कुमार का यहां पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान चेयरमैन मार्केट कमेटी मुलाना जसमेर सिंह राणा, सचिन लांबा, साहा मंडल अध्यक्ष संजीव सैनी व जिला कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व विधानसभा संयोजक सतीश मेहता उपस्थित रहें। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए जिसमें कर्मचारियों ने गांववासियों को अपने विभागों से जुड़ी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई। इसके साथ आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिनका ग्रामीणों ने भरपुर लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पंहुचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी विभाग अपने विभागों से संबंधी लोगों को सरकार द्वारा क्रियान्वित कि गई जन कल्याणकारी योजनाओं बारे लोगों को जानकारी प्रदान करें। इस अवसर पर सरपंच ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किए जाने पर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नायब तहसीलदार, एसएचओ कर्मवीर, पंचायत सैक्रेटरी सचिन कुमार, डॉ. अभिषेक शर्मा, विजय कुमार, पंचायती राज से ललित कौशल, निर्मल के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं का समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता

इस दौरान एसडीएम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रात्रि ठहरांव कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन का गांव-गांव जाकर आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रभावी एवं सार्थक पहल है, जिससे ग्राम वासियों को प्रशासन तक सीधी पहुंच मिलती है।

### अफसरों के सामने सरपंच प्रतिनिधि ने रखीं समस्याएं

सरपंच प्रतिनिधि ने गांव की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से एसडीएम के समक्ष रखा।इनमें गांव में बरसाती व बाहरी पानी की समस्या और गांव में एक ओर सफाईकर्मी की नियुक्ति करवाने बारे समस्याएं एवं मांगों को रखा। इस दौरान गांव की नीलम कुमारी ने राशन कार्ड बनवाने संबधी समस्या रखी, साहा से राकेश कुमार ने फैमिली आईडी में इनकम वैरिफिकेशन, दर्शनी देवी ने राशन कार्ड कट जाने की समस्या, गांव ढकौला से रीतू गोयल, सुलोचना, पूजा, बबली व रेखा ने गांव में नाली की साफ-सफाई व कचरे के उठान बारे समस्या को एसडीएम के समक्ष रखा, साहा से सतीश कुमार ने वृद्धावस्था पैंशन रुकने व पैंशन को दोबारा शुरू करवाने बारे, सोना देवी ने बिजली बिल माफ करवाने को लेकर व अंगूरी ने पेंशन बनवाने को लेकर, ऐसे ही जसविंद्र सिंह ने सिविल अस्पताल में ईलाज से संबंधित समस्या, सुखबीर ने परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय कम करवाने व राशन कार्ड बनवाने को लेकर, जरनैल सिंह व प्रदीप ने छत व मकान की मरम्मत बारे, साहा से उषा रानी व ढकौला से सुदेश रानी ने कच्चे मकान को पक्का बनवाने बारे, इसके साथ वृद्धावस्था पेंशन बनवाने बारे प्रेमी देवी ने अपनी समस्या रखी, इसके अलावा अन्य ग्रामवासियों ने मौखिक व लिखित रूप में अपनी समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा। जिसपर एसडीएम विनेश कुमार ने सभी ग्रामीणों की समस्याओं को क्रमवार सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




अंबाला। जागरुकता रैली निकालते छात्र। फोटो : हरिभूमि

# एचआईबी एड्स के प्रति छात्रों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाला छावनी में राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर डोनेशन ड्राइव एवं एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समापन समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा एचआईवी/एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों से होकर निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता संदेशों से युक्त पर्चे वितरित किए और आमजन को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में जाकर डोनेशन एवं एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। ड्राइव के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा सर्दियों के कपड़े, कंबल, खाद्य सामग्री, सूखा राशन एवं स्टेशनरी एकत्रित कर जरूरतमंदों में वितरित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की सहायता करना तथा विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा।

### कार्यक्रम को सराहा

इस समापन समारोह एवं कार्यक्रमों के समन्वयक डॉ. तरसेम कुमार रहे, जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता में रेड रिबन क्लब के सदस्य डॉ. आभा चौधरी, प्रो. नेहा रानी, डॉ. उमा, डॉ. बिंदु एवं डॉ. शिल्पा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा सराहा गया और इसे समाज के लिए एक सराहनीय पहल बताया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने पार्क अस्पताल मोहाली में रोबो-सुइट का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकुला

पंचकुला पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने शुक्रवार को पार्क ग्रेशियन अस्पताल, मोहाली में उत्तर भारत के पहले एआई-पावर्ड इंटीग्रेटेड रोबो-सुइट का उद्घाटन किया।डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार ने हाल ही में मुख मंत्री सेहत योजना शुरू की है, जो पंजाब के 3 करोड़ से अधिक निवासियों को 2000 से अधिक उपचार पैकेजों को कवर करते हुए प्रति परिवार 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान करेगी।पार्क ग्रेशियन अस्पताल , मोहाली में आर्थोपेडिक व रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के डायरेक्टर डॉ भानु प्रताप सिंह सलूजा ने कहा, श्यह रोबो- सुइट एक अगली पीढ़ी का सर्जिकल प्लेटफॉर्म है जो रोबो आर्म , आई और हाथ से लैस है जो अभूतपूर्व सटीकता, दक्षता और बेहतर रोगी परिणाम प्रदान करते हैं।डॉ. भानु ने कहा कि भारत में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अब 3डी ऑगमेंटेड रियलिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सशक्त रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी केवल 12-15 मिनट में पूरी हो जाती है। इसमें ज्यादा रक्त चढ़ाने, टांके और ड्रेन लगाने की आवश्यकता नहीं होती है। यह सर्जरी सिर्फ 3.5-4 इंच की छोटी चीरा विधि से की जाती है। मरीज सर्जरी के 4 घंटे बाद चल सकते हैं। मरीज अगले दिन सीढ़ियां चढ़ सकते हैं और पूरी रिकवरी 7-10 दिनों के भीतर होती है।एआई-संचालित रोबो- सुइट के लॉन्च के साथ, पार्क ग्रेशियन अस्पताल पूरी तरह से एकीकृत रोबोटिक सर्जिकल इकोसिस्टम का संचालन करने वाला उत्तर भारत का पहला अस्पताल बन गया है, जो स्वास्थ्य सेवा वितरण में नवाचार, पहुंच और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।



### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को तुरंत रद्द करने की मांग

**अंबाला।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के कर्मचारियों ने सर्कल स्तर पर अंबाला सर्कल कार्यालय में भूख हड़ताल की। भूख हड़ताल के बाद सर्कल कमेटी के पदाधिकारियों ने सर्कल सचिव विकास वर्मा के नेतृत्व में अधीक्षक अभियंता को बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। भूख हड़ताल का मुख्य एजेंडा आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को बिजली विभाग से रद करवाने, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने को लागू करवाना, पुरानी पेंशन बहाल करना, कॉमन कैडर कर्मचारियों की प्रमोशन करना, 1 हजार फ्री बिजली यूनिट देने, 7 हजार जोखिम भत्ता देने आदि मांगों के लिए की गई। सर्कल सचिव ने बताया कि बिजली निगम में ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू होने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ेगी।

# दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को कर्मचारियों-अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर नमन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में एसडीएम शिवजीत भारती और डीएसपी सूरज चावला विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल आरपी राठी, बल्यू बैल्स स्कूल के प्रिंसिपल राजीव मेहता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का अहिंसा का मार्ग आज भी देश और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। युवाओं को शहीदों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र सेवा में आगे आना चाहिए। डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाए। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। दो मिनट के मौन के दौरान पूरे परिसर में अनुशासन और शांति का वातावरण बना रहा। बच्चों के चेहरों पर देश के महान नायकों के प्रति सम्मान और गौरव की भावना स्पष्ट दिखाई दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और देशभक्ति के महत्व के बारे में जानकारी दी।



शहजादपुर। दो मिनट का मौन रखते स्कूलों के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# एरिया सभा के दौरान चेयरमैन के सामने नागरिकों ने रखीं समस्याएं

- नपा चेयरमैन रजत मलिक की अध्यक्षता में हुई सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका के चेयरमैन रजत मलिक की अध्यक्षता नगर के सभी 16 वार्डों में एरिया सभा बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ पहुंचाना रहा। एरिया सभाओं के दौरान विशेष रूप से वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन से जुड़े लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया गया। मौके पर ही लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच कर पात्र व्यक्तियों की सूची को अद्यतन किया गया। चेयरमैन रजत मलिक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की पेंशन योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र लोगों तक ही पहुंचे। बैठकों में वार्ड निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पेंशन सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं चेयरमैन के समक्ष रखीं। कई समस्याओं का मौके पर ही संज्ञान लेते हुए समाधान के निर्देश दिए गए। मलिक ने कहा कि नगर का कोई भी पात्र नागरिक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे, यही नगर पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखना और आम जनता को उनका हक दिलाना हमारा लक्ष्य है। भविष्य में भी इस प्रकार की एरिया सभाओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद बना रहे। नगरवासियों ने एरिया सभा की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सकारात्मक कदम बताया।



बराड़ा। लोगों से मिलते हुए नपा चेयरमैन रजत मलिक। फोटो : हरिभूमि

## दस दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन, बच्चों को दिया प्रशिक्षण

# 'मेरा रंग दे बसंती चोला' की सुंदर प्रस्तुति पर झूमे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व बाल कल्याण परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में लघु बाल भवन अंबाला छावनी में देशभक्ति गीतों पर आधारित 10 दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवालिक विकास एजेंसी पूजा कुमारी बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मुख्य अतिथि का यहां पंहुचने पर उन्हें पर्यावरण का प्रतीक एक पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीईओ शिवालिक बोर्ड पूजा कुमारी ने बच्चों से संवाद किया तथा देश के प्रति प्रेम और कर्तव्य भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयं भी मेरा मुल्क मेरा देश मेरा ये वतन गीत गुनगुनाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें पढ-लिख कर भविष्य में फौजी, डॉक्टर, शिक्षक एवं अधिकारी बनने की प्रेरणा दी।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्लम एरिया, अनाश्रित एवं वंचित क्षेत्रों के बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा उन्हें कला एवं संस्कृति से जोडऩा रहा। कार्यशाला के दौरान झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों से चयनित 22 अनाश्रित एवं वंचित बच्चों को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग से अधिकृत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायन कलाकार दीपक कुमार उर्फ दीपक गुलजार एवं उनके तीन सह-कलाकारों द्वारा देशभक्ति एवं लोकभक्ति गीतों पर आधारित गायन एवं वादन का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि लघु बाल भवन द्वारा ओपन शेल्टर होम एवं एक नायाब कदम के अंतर्गत अनाश्रित एवं वंचित बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर इस प्रकार की बाल कल्याणकारी गतिविधियाँ आयोजित की जाती रहती हैं। इस अवसर पर स्लम एरिया के लगभग 150 बच्चे, लाइफ मेंबर राकेश मक्कड़, जसदीप बेदी, अशोक कुमार, इंद्रजीत, जसविंद्र पाल सिंह, एचएल बिंद्रा, आरसीसी यूथ के सदस्य, इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य तथा बाल भवन एवं ओपन शेल्टर होम, कर्मचारी उपस्थित रहे।



अंबाला। देशभक्ति के गीत प्रस्तुति करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों की प्रस्तुति को सराहा

समारोह में कार्यशाला में प्रशिक्षित बच्चों ने मेरा रंग दे बसंती चोला, ये देश है वीर जवानों का, सुनो गौर से दुनिया वालों, हरियाणा की इस माटी ने जैसे देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने गायन के साथ-साथ तबला, की-बोर्ड, हारमोनियम एवं ऑक्टोपैड पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसकी मुख्या अतिथि ने खूब सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी राजेश पुनिया ने बच्चों को गीतों की शब्दावली एवं उनके अर्थ समझाकर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए संगीत निर्देशक दीपक कुमार, संगीतकार दिनेश कुमार, कुशल कुमार एवं साहिल सहित सभी कलाकारों का धन्यवाद किया।